हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(द्वितीय सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

मंगलवार, 27 मार्च, 2018/6 चैत्र, 1940 (शक्)

[**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - उद्योग मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री**].

कुल प्रश्न - 8

IIIT का शिलान्यास

33 **श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली)**ः

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) ऊना जिला के सलोह में IIIT (आई0आई0आई0टी0) का online शिलान्यास माननीय प्रधानमन्त्री ने कब और कहां से किया;

(ख) इस संस्थान की अधिसूचना के बाद कितनी जमीन संस्थान के निर्माण के लिए दी गई है;

(ग) यह संस्थान इस समय कहां और कितने सालों से चल रहा है; और

(घ) संस्थान के निर्माण के लिए टैंडर प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गई हैं या नहीं?

CSR Funds

34 **श्री राकेश कुमार (सुन्दरनगर)**ः

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2017-18 में बरमाणा सीमेंट फैक्टरी द्वारा CSR Funds से कितनी धनराशि कहां-कहां दी गई; ब्यौरा दें?

रामशहर महाविद्यालय

35 **श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नालागढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के रामशहर महाविद्यालय में प्राध्यापकों के कितने पद रिक्त हैं; इनको कब तक भरा जाएगा; और

(ख) महाविद्यालय के भवन का निर्माण कार्य कब आरम्भ किया जाएगा?

हैंड पंप की स्थापना

36 **श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि नालागढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की कुछ पंचायतों में पीने के पानी की समस्या है; यदि हां, तो सरकार क्या हैंड पंप लगवाने का विचार रखती है?

औद्योगिक इकाइयां

37 **श्री सुरेश कुमार कश्यप (पच्छाद):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला सिरमौर में कितनी औद्योगिक इकाइयां स्थापित हैं; और

(ख) पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी इकाइयां हैं और कहां-कहां स्थापित हैं; इकाईवार उद्योग मालिकों सहित ब्यौरा दें?

हैंड पंप

38 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में आई0पी0एच0 डिवीजन नौहराधार, नाहन व पांवटा साहिब के अन्तर्गत किन-किन स्थानों पर हैंड पम्प स्थापित किए गए व उन पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा मण्डलवार दें ?

मल निकासी योजना

39 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल नगर पंचायत में (सीवरेज) मल-निकासी हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

Medical University

40 **Sh. Ram Lal Thakur (Sri Naina Deviji):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state that whether it is a fact that the Government has decided to establish Medical University in the Pradesh; if yes, by when it will be established?

Shimla : 171004. **Sunder Singh Verma,**

Dated: 12th March, 2018. **Secretary.**